**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**03.11.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम की सदस्य रेणुका ठाकुर को प्रदेश सरकार देगी एक करोड़ रूपए का नगद ईनाम।
- चंडीगढ़ के निकट नई टाउनशिप विकसित करेगी प्रदेश सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–कांग्रेस अब बिहार में झूठी गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगने का कर रही है प्रयास।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा–इस बार नवम्बर के अंतिम सप्ताह में होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र।
- राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर लगाया केंद्र से आए पैसे पर वाहवाही लूटने का आरोप।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**एक करोड़**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य व हिमाचल की बेटी रेणुका ठाकुर को एक करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा की है। रेणुका ठाकुर शिमला जिला के रोहडू की रहने वाली है। मुख्यमंत्री ने दूरभाष के माध्यम से रेणुका ठाकुर को टीम सहित पहला विश्व कप जीत कर इतिहास रचने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय महिला टीम ने इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण से लड़कियां अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरणा लेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम बीती रात दक्षिण अफ्रीका की टीम को हरा कर महिला विश्व कप 2025 की विजेता बनी। इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व विजेता बनने पर बधाई दी है।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमुडा को राज्य के लोगों की सुविधा और आवास की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए चंड़ीगढ़ के निकट नई टाउनशिप विकसित करने की संभावनाओं का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज शिमला में हिमुडा द्वारा कार्यान्वित की जा रही और प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिमला शहर के निकट प्रस्तावित जाठिया देवी टाउनशिप की समीक्षा भी की और हिमुडा को परियोजना को गति देने के लिए शीघ्र एक सलाहकार नियुक्त करने के निर्देश दिए।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हिमाचल की तरह ही बिहार विधानसभा चुनाव में गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगने की शातिर चालें चल रही है। जयराम ठाकुर ने आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब द्वारा आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस झूठी गारंटियों के नाम पर बिहार में जनादेश चोरी करने का प्रयास कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बिहार विधानसभा चुनाव में झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर प्रेस की स्वतंत्रता को समाप्त करने का भी आरोप लगाया। जयराम ठाकुर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल के हितों को बेचने पर आमादा है। इसके लिए धारा 118 में बदलाव का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि नगर निगम शिमला के महापौर के पद रोस्टर को लेकर चल रहा विवाद खत्म हो गया है और अब सभी कांग्रेस पार्षद मिलजुल कर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में इस विवाद को लेकर कांग्रेस पार्षदों के साथ बैठक की और उनके विचार सुने। मुख्यमंत्री ने इस फैसले को लेकर सरकार का पक्ष भी रखा।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पावंटा साहिब में सिरमौर जिला का पहला केंद्रीय विद्यालय खुलेगा। इसके लिए शिक्षा मंत्री ने आज हरिपुर टोहना में 80 बीघा भूमि का निरीक्षण किया। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्बोया में राज्य स्तरीय अंडर 19 छात्र व छात्रा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के स्कूलों से आए एक हजार 2 सौ 48 छात्र व छात्राएं हिस्सा ले रही हैं।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि मेले और उत्सव तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के डुमैहर–आंजी गांव में दो दिवसीय मेले के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मेले और उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति व परम्पराओं के परिचायक हैं।

## चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्रथामिकता दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा जनता की दहलीज तक प्रशासन को पहुंचा कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। चंद्र कुमार आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्राम स्तर पर सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र इस बार नवम्बर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। ऐसा इस लिए किया जा रहा है ताकि दिसम्बर महीने में पर्यटन सीजन होने के कारण धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों और पर्यटन कारोबारियों को असुविधा न हो। विधानसभा अध्यक्ष आज रैत में पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि तपोवन में आयोजित होने वाले शीतकालीन सत्र में इस बार 8 बैठकें होंगी। उन्होंने ये भी कहा कि हिमाचल विधानसभा एक विधायी संस्था के रूप में देशभर में बेहतरीन कार्य कर रही है।

## हर्ष महाजन

भाजपा के राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू केवल केंद्र से आए पैसे की वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा की आजकल वह जो बड़ी–बड़ी घोषणाएं कर रहे है उनके लिए पैसा कहां से आया। हर्ष महाजन ने कहा कि ये सारा पैसा केंद्र सरकार दे रही है। इसके विपरित प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य के लोगों पर सिर्फ करों का बोझ बढ़ाया है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में विकास पर लग रहा सारा पैसा केंद्र का है। जबकि राज्य की कमाई को मुख्यमंत्री अपने मित्रों की सुख सुविधाओं पर ही खर्च कर रहे हैं।

## लकड़ा

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा ने कहा है कि आयोग चंबा जिला के पांगी क्षेत्र को वर्ष भर सड़क सुविधा से जोड़े रखने के लिए प्रस्तावित चेहनी सुरंग का

मामला केंद्र सरकार से प्रमुखता से उठाएगा। आशा लकड़ा आज चंबा में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। वे आयोग की एक टीम के साथ आज से जिले के दौरे पर हैं।

उन्होंने ये भी कहा कि पांगी कॉलेज में कला संकाय के अलावा अन्य संकाय शुरू करने और जनजातीय क्षेत्र के लोगों को सरकार के माध्यम से जमीन के पट्टे दिलाने का मामला भी आयोग केंद्र सरकार के साथ उठाएगा। आशा लकड़ा ने कहा कि आयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए परिवर्तनकारी पहल की है। इसके चलते प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हर्षवर्धन चौहान आज शिलाई विधानसभा क्षेत्र की मानल पंचायत में राजकीय वरिष्ठ पाठशाला पोटा मानल में स्कूल के नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण कर रहे थे।

## कंगना रणौत

मंडी से भाजपा की लोकसभा सांसद कंगना रणौत ने अधिकारियों को विकास लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कंगना रणौत आज कुल्लू में जिला विकास, समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं में आ रही कमियों को शीघ्र दूर करने को कहा ताकि लाभार्थियों और आमजनता को समय पर वांछित लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा।

## हड़ताल

शिमला शहर में निजी बस चालक व परिचालक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते शहर में एक सौ से ज्यादा निजी बसों के पहिए थम गए हैं। सुबह से निजी बसों का संचालन न होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि हड़ताल को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम ने शहर में अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। निजी बस ऑपरेटर 40 किलोमीटर से अधिक दूरी की बसों के शिमला शहर में दाखिल होने का विरोध कर रहे हैं। निजी बस चालक परिचालक संघ का कहना है कि 40 किलोमीटर से अधिक दूरी की एचआरटीसी समेत निजी बसों के शहर में दाखिल होने से जाम लग रहा है। इसी वजह से निजी बसों के रूट फेल हो रहे हैं और रूट पूरा करने में उन्हें दोगुना समय लग रहा है। इसका खामियाजा शहर की जनता को भी भुगतना पड़ रहा है।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि फॉरेंसिक साईंस और पर्यावरण अध्ययन दोनों ही सामाज के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं। राजेश धर्माणी आज हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय शिमला के फॉरेंसिक साईंस विभाग द्वारा पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्‌घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के फॉरेंसिक केंद्रों को उन्नत करने और वैज्ञानिक अवसंरचना को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। धर्माणी ने सभी से पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने समाज कल्याण के लिए वैज्ञानिक नवाचारों को सतत् विकास की नीतियों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम की सदस्य रेणुका ठाकुर को प्रदेश सरकार देगी एक करोड़ रूपए का नगद ईनाम।
- चंडीगढ़ के निकट नई टाउनशिप विकसित करेगी प्रदेश सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा—कांग्रेस अब बिहार में झूठी गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगने का कर रही है प्रयास।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा—इस बार नवम्बर के अंतिम सप्ताह में होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र।
- राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर लगाया केंद्र से आए पैसे पर वाहवाही लूटने का आरोप।

———————————————————————————————————————
——————————————————————————————————————